**श्री सभापति**: श्रीमती सरोजिनी हेम्ब्रम। अभी टाइम बचा है, इसलिए आपको मौका मिला है, otherwise आपको associate करना था।

**श्रीमती सरोजिनी हेम्ब्रम** (ओडिशा): चेयरमैन सर, ओडिशा में 3 तारीख को severe cyclone 'Fani' द्वारा बहुत से जिले प्रभावित हुए थे, मैं इसके बारे में बोलना चाहती हूं। भौगोलिक दृष्टि से देखा जाए, तो ओडिशा एक साइक्लोन प्रभावित राज्य है। इसको हर साल किसी न किसी प्राकृतिक विपदा का सामना करना पड़ता है। इस severe cyclone 'Fani' द्वारा लाखों-करोड़ों लोग प्रभावित हुए हैं।

**श्री सभापति**: आपका सुझाव क्या है? टाइम कम है। यह ज़ीरो ऑवर है, प्लीज़।

**श्रीमती सरोजिनी हेम्ब्रम**: सर, वहाँ पुरी-जगन्नाथ धाम के साथ 13 जिलों के 159 blocks affected हुए हैं।

**श्री सभापति**: समय पूरा होने के बाद अगर मैं allow करूं, फिर भी वह रिकॉर्ड में नहीं जाएगा। Because all of it is connected.

**श्रीमती सरोजिनी हेम्ब्रम**: सर, अभी मॉनसून शुरू हो गया है। 'फानी' प्रभावित जिलों के लोगों के पास रहने के लिए घर नहीं है। इसलिए मैं सरकार से निवेदन करती हूँ कि जो बेघर हुए हैं, उनके लिए प्रधान मंत्री आवास योजना में नए घर sanction किए जाएँ।

**श्री सभापति**: धन्यवाद।

**श्रीमती सरोजिनी हेम्ब्रम**: सर, एक मिनट।

MR. CHAIRMAN: There are three minutes for one matter in Zero Hour. आप उसके लिए अलग नोटिस दीजिए।

### Inclusion of 'Lohars' in the list of Scheduled Tribes

**श्रीमती कहकशां परवीन** (बिहार): सभापति महोदय, मैं सदन और सरकार का ध्यान इस तरफ आकृष्ट कराना चाहती हूँ कि एक जाति, लोहार जाति, जो अत्यंत पिछड़ी जाति है, इसकी हालत बहुत खस्ता है। इसकी खस्ता हालत को देखते हुए बिहार सरकार ने बाकायदा इसका अध्ययन कराया और अध्ययन कराने के बाद 8.8.2016 को लोहार जाति को ओबीसी ने निकाल कर अनुसूचित जाति में शामिल करने का आदेश जारी करते हुए भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय को एक पत्र भेजा। लेकिन इसके बावजूद भी उनको यहां से कोई भी सहूलियत नहीं मिल पाई। एक मामूली भूल के कारण उनको बहुत खामियाज़ा भुगतना पड़ रहा है। Central Scheduled Castes की लिस्ट में 'लोहार' जाति के लिए टाइपिंग में 'लोहारा' टाइप हो गया है, जिसके कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिहार सरकार ने बार-बार इसके लिए आग्रह भी किया है, उसके बावजूद भी इसमें कोई सुधार करके भेजा नहीं गया है। मैं सरकार से मांग करती हूं कि इस विषय पर कार्यवाही करते हुए, जल्द से जल्द 'लोहार' जाति को अनुसूचित जनजाति की लिस्ट में शामिल किया जाए, ताकि उनको राहत मिल सके।

†**محترمہ کہکشاں پروین (بہار):** سبھاپتی مہودے، میں سدن اور سرکار کا دھیان اس طرف دلانا چاہتی ہوں کہ ایک جاتی، ''لوہار جاتی'' جو انتہائی پچھڑی جاتی ہے، اس کی حالت بہت خستہ ہے۔ اس کی خستہ حالت کو دیکھتے ہوئے بہار سرکار نے باقاعدہ اس کا ادّھین کرایا اور ادّھین کرانے کے بعد 8.8.2016 کو لوہارجاتی کو او بی سی سے نکال کر انوسوچت جن جاتی میں شامل کرنے کا آدیش جاری کرتے ہوئے بھارت سرکار کے جن جاتیہ کارئیہ منترالیہ کو ایک خط بھیجا۔ لیکن اس کے باوجود بھی ان کو یہاں سے کوئی بھی سہولیت نہیں مل پائی ۔ ایک معمولی بھول کی وجہ سے ان کو بہت خمیازہ بُھگتنا پڑرہا ہے۔ سینٹرل شیڈول کاسٹ کی لسٹ میں لوہار جاتی کے لیے ٹائپنگ میں ''لوہارا'' ٹائپ ہوگیا ہے، جس کی وجہ سے انہیں کافی دقتوں کا سامنا کرنا پڑرہا ہے۔ بہار سرکار نئے بار بار اس کے لیے آگریہہ بھی کیا ہے، اس کے باوجود بھی اس میں کوئی بھی سدھار کرکے نہیں بھیجا گیا ہے۔ میں سرکار سے مانگ کرتی ہوں کہ اس موضوع پر کارروائی کرتے ہوئے، جلد سے جلد ''لوہار'' جاتی کے کو انوسوچت جن جاتی کی لسٹ میں شامل کیا جائے، تاکہ ان کو راحت مل سکے۔

**श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह** (बिहार): सर, मैं माननीय सदस्या द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

**श्री राम नाथ ठाकुर** (बिहार): सर, मैं भी माननीय सदस्या द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

**श्री सभापति**: थावर चंद जी, क्या आप इस विषय में कुछ कहना चाहते हैं? क्या यह इतना सिम्पल है? ये बता रही हैं कि टाइपिंग में मिस्टेक हुई है।

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री (श्री थावर चन्द गहलोत)**: सभापति महोदय, 1950 और 1955 में जो जातियां, जिस समूह में भी लिस्टेड हुई हैं, अगर उनमें किसी प्रकार का कोई संशोधन अथवा अन्य कोई प्रस्ताव आता है, तो उसके लिए राज्य सरकार प्रस्ताव भेजती है। राज्य सरकार जो प्रस्ताव भेजती है, उसे हम Registrar General of India (RGI) को भेजते हैं और अगर वह यैस कर देता है, तो फिर उसे संबंधित आयोग को भेजते हैं। अगर आयोग भी यैस कर देता है, फिर हम उसको संसद में लाते हैं। कार्यवाही के बाद, अगर यहां तय हो जाता है, तो उसे उस समूह में जोड़ने का काम करते हैं। मैं इस प्रस्ताव को संबंधित अधिकारियों से दिखवा लूंगा।

†Transliteration in Urdu script.